54

1B1N25205 (Pages : 4) Reg. No:.........................

Name: ..........................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester BA Degree Examination, November 2025**

**HIN1FA102(1) - Hindi Bhasha Mein Sanchar aur Rachantmak Lekhan Ka vikas - Bhag 1**

(FYUGP 2024 Admission onwards )

Time: 1 ½ hours Max. Marks : 50

**PART – A**

All questions can be attended.
Each question carries **Two** mark.
**Ceiling -16 Marks**

| Sl No | Questions | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्याम बेनेगल द्वारा संविधान पर आधारित टेलीविज़न मिनी श्रृंखला का नाम लिखिए। उसके कितने भाग हैं? | CO1 | R | 2 |
| 2 | भारतीय संविधान कब पारित हुआ और कब प्रभावी हुआ? | CO3 | U | 2 |
| 3 | नमक का दरोगा कहानी की मूल संवेदना क्या है? | CO4 | U | 2 |
| 4 | 'पंच परमेश्वर' के किन्हीं चार पात्रों के नाम लिखिए। | CO1 | R | 2 |
| 5 | परदेसी कहानी की लेखिका कौन है? कहानी का पात्र रिचर्ड किस देश से भारत आया था? | CO2 | R | 2 |
| 6 | निम्नलिखित खंड से कर्ता,कर्म,क्रिया और कारक को चुनिए।<br><br>खाने के कमरे में बीजी का तख्त बिछा हुआ था, ड्राइंगरूम का पलस्तर उखड़ा पड़ा था, अन्दर बच्चों ने अपने कमरे को कम्प्यूटर-रूम बना रखा था, पढनेवाले कमरे में कपडे बिखरे रहते, ड्रेसिंग टेबिल सीढियों पर रखी थी और रसोई इतनी घिचपिच थी कि खुद मुझे ही उसमें सामान ढूँढने में गश आ जाता। | CO6 | Ap | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए।<br>शेख जुम्मन, हम तुम्हारे पुराने दोस्त हैं। जब काम पड़ा, तुमने हमारी मदद की। हमसे भी जो बन पड़ा, तुम्हारी सेवा करते रहे। मगर इस समय तुम और बूढ़ी खाला, दोनों हमारी निगाह में बराबर हो। तुमको पंचों से जो कुछ अर्ज करनी हो, करो। | CO5 | Ap | 2 |
| 8 | 8. अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कीजिए<br>• He is a student.<br>• They are in the shop.<br>• We were not in the home.<br>• She was not there. | CO2 | E | 2 |
| 9 | वाक्य संशोधन कीजिए<br>• पर तुमने बच्चे को अकेला भेजी ही क्यों?<br>• पंचो, आज तीन साल हुआ, मैं अपनी सारा जायदाद अपने भांजे जुम्मन के नाम लिख दिया।<br>• इस बीच बच्चे छोटे से बड़ा हो गया। | CO2 | An | 2 |
| 10 | 'शाम को हम उसे नदी किनारे घुमाने ले गए। उसकी आदत थी, वह एक-एक चीज़ के इतिहास में जाने का प्रयत्न करता।' इस प्रसंग के आधार पर भवानी और रिचर्ड के बीच संभावित वार्तालाप अपनी भावना में लिखिए। | CO2 | C | 2 |

**PART – B**

All questions can be attended.
Each question carries **six** marks.
**Ceiling -24 Marks**

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 11 | समय/ माँगता है/ मुझसे हिसाब / पढ़े क्यों नहीं! /नहीं है इसका जवाब / मेरे पास -<br>इन पंक्तियों का कविता-प्रसंग स्पष्ट कीजिए। | CO5 | An | 6 |
| 12 | "अपनी विपदा तो सबके आगे रो आई। किसी ने तो यों ही ऊपरी मन से हाँ, हूँ करके टाल दिया, किसी ने उल्टे मुझी पर वार कसे।"- संदर्भ लिखिए। | CO5 | E | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | 'कविता की ज़रूरत' को पढ़कर आपके मन में कविता के महत्व के प्रति क्या अनुभूति होती है? अपने शब्दों में लिखिए। | CO5 | C | 6 |
| 14 | हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।<br><br>अलगू : (तनिक उग्र होकर) देखो समझू भैया, मेरा डेढ़ सौ रुपया तुम ऐसे हजम नहीं कर सकते !<br><br>समझू साहू : तुमने मुर्दा बैल मेरे गले बाँधा था।<br><br>अलगू : पूरा गाँव जानता है वह मुर्दा बैल नहीं था।<br><br>समझू साहू : हुँह, गाँववालों ने गाड़ी में जोता था?<br><br>अलगू : तुम सरासर बेईमानी कर रहे हो मेरे साथ!<br><br>समझू साहू : (चिल्लाकर) बेईमानी तो तुमने की है मेरे साथ ! | CO5 | Ap | 6 |
| 15 | संक्षेपण कीजिए।<br>अंग्रेज़ी जानते हुए भी उसका लहजा समझने में हमें थोड़ी दिक्कत हो रही थी। किसी तरह काम चलाऊ बातें हो जातीं। पर मैंने पाया, बीजी और बच्चों को ऐसी कोई परेशानी नहीं थी, वे सब मिलकर घंटों टी.वी. देखते। भाभी ने अपने ऑफिस और घर के अन्दर-बाहर का एक वीडियो टेप भी भेजा था, उसे वी.सी.आर. पर लगाकर वह बताता जाता, क्या हो रहा है। जो बात शब्दों से स्पष्ट न होती, वह अभिनय करके पूरी करता तो सब ठहाके लगाते। बिना भाषा के वह बीजी को भाई के हाल बता देता। थोड़ी देर को मैं दोनों के बीच दुभाषिया बनी फिर बीजी ने मुझे उठा दिया।<br>"इसकी बातें मेरी समझ में आ रही हैं", उन्होंने कहा। पहली रात मैं मनाती रही कि ऊपर के कमरे में कहीं | CO5 | An | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कोई छिपकली, चूहा अपनी दैनिक गश्त पर न आ जाए। मच्छरों के खिलाफ कई इन्तजाम पहले से कर रखे थे।<br>खाने का समय सकुशल बीता। सीधा-सादा शाकाहारी भोजन था, उसे अच्छा लगा। पानी उबला हुआ था, फिर भी उसने नहीं पिया। उसने मालती से कहा, "चाय।"<br>हिन्दी के दो-तीन शब्द वह वहीं से सीखकर आया था 'अच्छा, हाँ, नहीं' का उच्चारण और अर्थ व्रह जानता था।<br>यह सोचते हुए कि हर विदेशी को खजुराहो जाने की बेताबी होती है, हमने उसके लिए टूरिस्ट बस से वहाँ जाने का आरक्षण करवा दिया। उसे बताया तो उसने गर्दन हिलाई 'नो, आई प्लान टु गोटू सारनाथ।' (नहीं, मेरा इरादा सारनाथ जाने का है।) | | | |

**PART - C**

Answer any *one* questions.
Each question carries **Ten** marks.

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 16 | 'पंच परमेश्वर' में जुम्मन शेख और अलगू चौधरी की मित्रता किस प्रकार परीक्षा में खरी उतरती है? | CO3 | E | 10 |
| 17 | गरीबी और ज़िम्मेदारी किस प्रकार एक बच्चे को समय से पहले बड़ा बना देती है? 'स्कूल' के आधार पर लिखिए। | CO2 | C | 10 |

**1 x 10 = 10 Marks**

**1B1N25206** (Pages : 2) Reg. No:..............................

Name: ..............................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester B.Sc Degree Examination, November 2025**

**HIN1FA102(2) - Hindi Bhasha Mein Sanchar aur Rachantmak Lekhan - Bhag 1**

(FYUGP 2024 Admission onwards )

Time: 1 ½ hours Max. Marks : 50

**PART – A**
**All questions can be attended.**
**Each question carries Two mark.**
**Ceiling -16 Marks**

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में कितने सदस्य थे? उसके अध्यक्ष कौन थे? | CO1 | U | 2 |
| 2 | संविधान के अनुसार मौलिक अधिकार कौन-कौन से हैं? | CO1 | U | 2 |
| 3 | निद्राखोर कहानी का प्रतिपाद्य क्या है? | CO6 | Ap | 2 |
| 4 | निर्मला में अभिव्यक्त मूल संवेदना क्या है? | CO5 | An | 2 |
| 5 | निम्नलिखित खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए। मैं परमानन्द की सोने की घड़ी उठाकर यह कहता भागा कि अगर दो घंटे के अन्दर रुपया न दिया तो घड़ी मैं बेच दूँगा। जेब से घड़ी निकालकर वह देखता है। बाहर से दरवाज़ा पीटने की आवाज़ आती है। दोनों अपना काम रोककर दरवाज़े की ओर देखते हैं। | CO2 | U | 2 |
| 6 | निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए। अजीब-सी सुखद अनुभूति हुई विवेक को। पिता जी की नींद से ईर्ष्या नहीं हुई, बल्कि उन्हें सोता देख, स्वयं उसके तनाव शिथिल पड़ने लगे और आत्मविश्वास पनपने लगा-'हाँ, इसी | CO2 | U | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तरह मैं भी सो सकता हूँ, मुझे भी इसी सरलता, माधुर्य और मासूमियत से सोना चाहिए। | | | |
| 7 | नए उपग्रह पर पहुंचने के बाद नूतन और पंपोश के बीच का संवाद लिखिए। | CO6 | Ap | 2 |
| 8 | भगवतीचरण वर्मा के नाटक दो कलाकार के मार्तण्ड का चरित्र-चित्रण कीजिए? | CO3 | An | 2 |
| 9 | वाक्य संशोधन कीजिए।<br>क) खन्ना डिप्टी को चुप रहने का इशारा किया।<br>ख) यहां सूर्य का रोशनी था।<br>ग) दादी सारा दिन कुपित रहा।<br>ङ) उसकी नजर पिताजी के चेहरे को ठहर गई। | CO4 | U | 2 |
| 10 | कामायनी किसके द्वारा लिखित महाकाव्य है। कामायनी के एक सर्ग का नाम लिखिए। | CO1 | R | 2 |

**PART – B**

All questions can be attended.
Each question carries six marks.
**Ceiling -24 Marks**

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 11 | "पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, हुआ न पंडित कोइ।<br>ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय।।" - व्याख्या कीजिए। | CO3 | R | 6 |
| 12 | ग्राम दृष्टि कविता में कवि ने किस दृष्टि से विश्व को देखा है? | CO6 | An | 6 |
| 13 | मेरे दीपक कविता का भावार्थ लिखिए। | CO2 | R | 6 |
| 14 | हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।<br><br>मैं जाकर पूछती, "माँ क्या बात है, थक गई हो?"<br>वे कुछ न बोलतीं।<br>मैं कहती, "कहाँ दर्द है लाओ दबा दूँ।"<br>माँ मेरा हाथ झटक देतीं, " जा भाग उसी के पास | CO5 | U | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | संक्षेपण कीजिए।<br><br>यहाँ की हवा बड़ी स्निग्ध थी। धूप खिली थी। पेड़ों के झुरमुटों से सारी धरती ढकी थी। ऐसे ही एक झुरमुट को काटकर नूतन ने यहाँ रहने के लिए एक मकान बनाया था। यहाँ सूर्य की रोशनी थी। पेड़ों का रंग भी दूधिया और हल्का नीला था। उनमें पत्तियाँ नहीं थीं। लंबे और ऊँचे पेड़ जिनके तने चिकने और कोमल थे-एक युवती की नर्म कलाइयों की तरह। वे यहाँ की हवा में साँस लेते रहते थे। पृथ्वी का रंग भी हल्का दूधिया और सफेद था। यह नज़ारा पंपोश को बहुत पसंद आया। उसने कहा, "नूतन, आज रात से ही यहाँ हमारे तुम्हारे सिवा कोई नहीं होगा। हम दोनों इस लोक के राजा-रानी बन जाएँगे।"<br>"इस लोक में बसने वाले हम पहले मानव हैं। अब यहाँ जो भी आएगा, वह हमारी मदद से यहाँ बसेगा। मैं यहाँ नूतन और पंपोश नाम से दो कॉलोनियाँ बसा डालूँगा।" नूतन ने पंपोश के गाल पर हल्की-सी चपत लगाते हुए कहा।<br>उपग्रह पर उतरने के बाद इंजीनियरों ने कुछ ही घंटों में नूतन के मकान की पूरी परीक्षा कर ली। इसमें चार कमरे थे। रसोई, बाथरूम और केबिन सभी कुछ था। उन्होंने आवश्यक यंत्र फिट कर दिए और लूना-7 में लगे सहायक यान को अलग करके वे लोग वापस पृथ्वी पर उतरने की तैयारी करने लगे।<br>नूतन और पंपोश को विवाह के लिए एक बार फिर मुबारकबाद देकर ये लोग वापस पृथ्वी पर लौट पड़े। पंपोश को लगा जैसे अब हम कभी भी पृथ्वी के प्राणियों से नहीं मिल सकेंगे। उसका कलेजा अंदर से काँप गया। उसने देखा, नूतन के चेहरे पर कोई भी भाव नहीं है। वह गुमसुम खड़ा उड़ते हुए विमान के धुएँ को देख रहा था। | CO3 | Ap | 6 |

**PART - C**

**Answer any *one* questions.**

**Each question carries Ten marks.**

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 16 | बास कहानी का सारांश लिखिए। | CO1 | R | 10 |
| 17 | आज़ादी कहानी में चित्रित समस्याओं पर अपना विचार स्पष्ट कीजिए। | CO3 | U | 10 |

**1 x 10 = 10 Marks**

56

1B1N25207 (Pages : 4) Reg. No:.........................

Name: ..........................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester BCOM Degree Examination, November 2025**

**HIN1FA102(3) - Sanchar Kaushal Vikas - Bhag - 1**

(FYUGP 2024 Admission onwards )

Time: 1 ½ hours Max. Marks : 50

**PART – A**

All questions can be attended.
Each question carries **Two** mark.
**Ceiling -16 Marks**

| | | COs | Knowledge Level (KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजभाषा किसे कहते हैं? | CO1 | Remember | 2 |
| 2 | स्पष्टता और संक्षिप्त का सिद्धांत क्या है? | CO1 | Remember | 2 |
| 3 | संविधान सभा के प्रमुख सदस्यों के नाम लिखिए । | CO1 | Remember | 2 |
| 4 | निम्नलिखित वाक्यांश से कर्ता, कर्म और क्रिया को चुनिए।<br>सेनापति ने मधूलिका की ओर देखा। वह खोल दी गई। उसे अपने पीछे आने का संकेत कर सेनापति राजमंदिर की ओर बढ़े । | CO4 | Create | 2 |
| 5 | "वह मैं हूं!"कविता का सार लिखिए। | CO3 | Analyse | 2 |
| 6 | 'पुरस्कार' कहानी की मूल संवेदना क्या है। | CO4 | Analyse | 2 |
| 7 | साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए। | CO1 | Understand | 2 |
| 8 | सरल वाक्य मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।<br>सूर्य उगा । अंधेरा भागा । | CO1 | Create | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का पड़ा रहन दो म्यान।<br>-इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। | CO2 | Analyse | 2 |
| 10 | कनक-कटोरे इमरत भरियो, पीवत कूण नटै। यह पंक्ति किसकी है और इसमें क्या बताया गया है? | CO2 | Analyse | 2 |

**PART – B**

All questions can be attended.
Each question carries six marks.
**Ceiling -24 Marks**

| | | COs | Knowledge Level (KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 11 | "मैं नीरभरी दुख की बदली! स्पन्दन में चिर निस्पन्द बसा, क्रन्दन में आहत विश्व हँसा,<br>नयनों में दीपक से जलते पलकों में निर्झरिणी मचली!"-<br>व्याख्या कीजिए। | CO2 | Analyse | 6 |
| 12 | "औरत " कविता का भाव व्यक्त कीजिए । | CO2 | Analyse | 6 |
| 13 | मोबाईल फोन के दुरुपयोग पर दो छात्रों का संवाद लिखिए । | CO3 | Evaluate | 6 |
| 14 | बहिन की शादी में मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए । | CO3 | Create | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | अनुवाद कीजिए :<br><br>(अ) हिन्दी से अंग्रेजी में:<br><br>(क) मुझे खुद पर भरोसा है।<br><br>(ख) तमीज से बात करो ।<br><br>(ग) आप इसे एक तरफ रख दें।<br><br>(घ) मुझसे बात क्यों कर रहे हो?<br><br>(ङ) ठंडा पानी मत पियो ।<br><br>(च) मुझे खाने का मन कर रहा है।<br><br>(आ) अंग्रेजी से हिन्दी में:<br><br>(क) Take care of yourself.<br><br>(ख) I don't have anything else.<br><br>(ग) Don't make excuses.<br><br>(घ) Let's learn something new.<br><br>ङ) Don't drag your feet.<br><br>(च) Please bring me a glass of water. | CO4 | **Create** | 6 |

## PART - C

Answer any *one* questions.
Each question carries **Ten** marks.

| | | COs | Knowledge Level (KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 16 | 'तौलिये' एकॉकी के मंचीय वाचन से पात्रों में से आप को कौन पसंद आया और क्यों ? उसके पात्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । | CO2 | **Understand, Apply** | **10** |
| 17 | 'कॉर्नसूप' कहानी में अभिव्यक उपभोक्तावादी संस्कार पर विचार कीजिए । | CO2 | **Understand, Apply** | **10** |

**1 x 10 = 10 Marks**

57

1B1N25208 (Pages : 2) Reg. No:.........................

Name: ...........................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester BA Degree Examination, November 2025**

**HIN1FM105-1 - Hindi Cinema Mein Samajik Sarokar**

(FYUGP 2024 Admission onwards )

Time: 1 ½ hours Max. Marks : 50

**PART – A**

All questions can be attended.
Each question carries **Two** mark.
**Ceiling -16 Marks**

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी फिल्मों के दो निर्देशकों के नाम लिखिए। | To streamline the concept of cinema | R | 2 |
| 2 | 'इंग्लिश विंग्लिश' के निदेशक कौन है? इस फिल्म की नायिका का नाम लिखिए। | To make the learner know the basics of cinema | Remember | 2 |
| 3 | हिन्दी फिल्मों की किन्हीं दो शैलियों के नाम लिखिए। | To enable the learner to study cinema genres in depth | Understand | 2 |
| 4 | हिन्दी सिनेमा के किन्ही दो महिला निर्देशकों के नाम बताइए | To be aware of the contributions of women | Remember | 2 |
| 5 | पारिस्थितिक विषय पर आधारित दो हिंदी फिल्मों के नाम लिखिए। | To remember the concepts of cinema | Remember | 2 |
| 6 | जेंडर समता पर आधारित किन्ही दो हिन्दी फिल्मों के नाम लिखिए। | To understand the genres of cinema | Understand | 2 |
| 7 | "कभी अलविदा न कहना" फिल्म के निदेशक कौन है? इस फिल्म के दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए। | To recollect the subtexts of cinema | Remember | 2 |
| 8 | "लापता लेडीज़" के निदेशक कौन है? यह फिल्म किस शैली की फिल्म है? | To recall and understand the technical aspects of cinema | Understand | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | हिन्दी की पहली फिल्म का नाम क्या है? इसके निदेशक का नाम दीजिए | To review the theme of cinema | Understand | 2 |
| 10 | "अर्थ " फिल्म के निदेशक कौन है? इस फिल्म की प्रमुख अभिनेत्रियों के नाम लिखिए। | To recall the sub themes of cinema | Remember | 2 |

PART – B

All questions can be attended.

Each question carries six marks.

Ceiling -24 Marks

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 11 | " हम साथ साथ हैं " फिल्म के पात्रों का परिचय दीजिए। | To apply the learnt cinema | Application | 6 |
| 12 | " थप्पड़" फिल्म के सारांश के आधार पर इस फिल्म के स्त्रीवाद की विवेचना कीजिए | To evaluate the theme of cinema | Evaluate | 6 |
| 13 | 'कभी अलविदा न कहना' फिल्म की विशेषताओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए। | To create a self critique | Create | 6 |
| 14 | "कपूर एंड संस" फिल्म के परिवार सम्बन्धों पर एक लेख लिखिए। | To analyze family relations in cinema | Analyze | 6 |
| 15 | " अर्थ" फिल्म का सारांश लिखिए और इस फिल्म के पात्रों का परिचय दीजिए। | To understand the summary | Understand | 6 |

PART - C

Answer any *one* questions.

Each question carries Ten marks.

| | | COs | Knowledge Level(KL) | Marks |
|---|---|---|---|---|
| 16 | "कभी अलविदा न कहना" के सारांश के आधार पर इसकी विशेषता पर एक लेख लिखिए | To apply the relevance by understanding summary | Application | 10 |
| 17 | इंग्लिश विंगलिश " में स्त्रीवाद की चर्चा कीजिए। | To evaluate gender in cinema | Evaluate | 10 |

**1 x 10 = 10 Marks**